**मध्यप्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल-462004**

क्रमांक ई-15/17/2025/5/1 भोपाल, दिनांक 16 दिसम्बर, 2025

प्रति,

**समस्त भाप्रसे अधिकारीगण,**
**(मध्यप्रदेश)**

विषयः- मध्यप्रदेश आई.ए.एस. आफिसर्स एसोसिएशन सर्विस मीट दिनांक 19 से 21 दिसम्बर, 2025 के संबंध में।

-------0000------

मध्यप्रदेश भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी संघ द्वारा "Successful business Initiatives that touch the lives of ordinary citizens" विषय पर दिनांक 19-12-2025 को प्रात: 11:00 बजे से आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, मध्यप्रदेश भोपाल में सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्री सरबवीर सिंह, CEO PolicyBazaar.com. मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे तथा दिनांक 19 से 21 दिसम्बर, 2025 को सर्विस मीट का भी आयोजन किया जा रहा है।

2- आदेशानुसार आपको उक्त सेमिनार/सर्विस मीट में भाग लेने हेतु अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (भाप्रसे) मुख्यालय छोड़ने के पूर्व अपने संभाग / जिले की कानून एवं व्यवस्था की विद्यमान स्थिति का आंकलन करने के उपरांत ही मुख्यालय छोड़ेगे। उपर्युक्त मीट में भाग लेने के पश्चात सभी अधिकारी दिनांक 22 दिसम्बर 2025, को कार्यालयीन समय पर वापस पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। संभागीय आयुक्त अपने संभाग में आने वाले समस्त जिलों की कानून एवं व्यवस्था विद्यमान स्थिति की समीक्षा करेंगे। यदि कोई विपरीत/ संवदेनशील स्थिति हो तो उक्त जिले के कानून व्यवस्था से संबंधित अधिकारी अपना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

Digitally signed by
FARHEEN KHAN
Date: 16-12-2025
18:07:14

**( फरहीन खान )**
अवर सचिव ''कार्मिक''
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृष्ठां. क्रमांक ई. 15/17/2025/5/1 भोपाल, दिनांक 16 दिसम्बर, 2025

प्रतिलिपिः-

1. अपर मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री।
2. अपर मुख्य सचिव, (समन्वय) मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
3. विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश, नई दिल्ली।
4. श्रीमती प्रीति मैथिल नायक, भाप्रसे, सचिव, आई.ए.एस. एसोसिएशन भोपाल की ओर उनके पत्र दिनांक 11-12-2025 के संदर्भ में सूचनार्थ।

अवर सचिव ''कार्मिक''
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग